# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ–250004

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा /1785
दिनांक : 21.02.2020

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक

समस्त सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय / संस्थान

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सुचिता पूर्ण एवम् सफल आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय एवम शासन के पत्र सख्या–01 / 2020 / 17 / सत्तर–1–2020–16(9) / 2018 दिनाक 03.01.2020 के सन्दर्भ में यह कहना है कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2020 की प्रत्येक दिन व प्रत्येक पाली की प्रश्न–पत्र खोलते समय की विश्वविद्यालय द्वारा जिलेवार वीडियो फुटेज मगॉने की व्यवस्था की गई है, जो निम्नानुसार भेजना अनिवार्य है:–

| क्र.सं. | जिला | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | मेरठ, बागपत | 7 5 9 9 9 5 9 9 5 0 |
| 2. | बुलन्दशहर | 7 5 9 9 9 5 9 9 5 1 |
| 3. | गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़ | 7 5 9 9 9 5 9 9 5 2 |
| 4 | मुजफ्फरनगर, शामली | 7 5 9 9 9 5 9 9 5 3 |
| 5. | सहारनपुर | 7 5 9 9 9 5 9 9 5 4 |

अतः उक्त व्यवस्था के अनुसार दिनाक 22 फरवरी, 2020 से परीक्षा समाप्ति तक जिले वार दिये गये नम्बरों पर ही प्रत्येक दिन व प्रत्येक पाली की वीडियो रिकार्डिंग उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

नोट–विडियो रिकार्डिग व CCTV/DVR LINK भेजने से पूर्व निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखें–

1. प्रश्न पत्र खोलते समय की जो वीडियों व्हाट्स एप पर भेजी जाये, उसके लिये यह आवश्यक है कि पीछे एक बोर्ड (सफेद / काला) दर्शाये, जिस पर कालेज का नाम, कालेज कोड, पाली, दिनांक, उस पाली में हो रही परीक्षा के विषय कोड एवं सील्ड पैकेट / बाक्स की संख्या जिन्हें खोला जाना हैं, केन्द्राध्यक्ष का नाम आदि स्पष्ट रुप से बड़े अक्षरों मे लिखें हो। सबसे पहले उक्त बोर्ड के सामने कैमरे को 4 से 5 सैकण्ड रखकर ही आगे का वीडियो बनाये। वीडियों में एक–एक सील्ड पैकेट खोलते हुए स्पष्ट रुप से दर्शायें।
2. प्रत्येक पाली की वीडियों बनाने के पश्चात यथाशीघ्र (15 मिनट के अन्दर) महाविद्यालयों / परीक्षा–केन्द्रों द्वारा वीडियो विश्वविद्यालय को अवश्य प्रेषित किया जाये।
3. प्रत्येक पाली मे प्रश्न पत्रो को खोलने की प्रकिया की वीडियों फुटेज भेजने के साथ प्रत्येक परीक्षा कक्ष का सीटिंग प्लान भी (संलग्न फार्मेट के अनुसार) अनिवार्य रुप से प्रेषित किया जाए।
4. प्रत्येक महाविद्यालय अपने यहाँ कम से कम 4Mbps के इन्टरनेट का कनेक्शन आवश्यक रुप से लेना सुनिश्चित करें।
5. प्रत्येक महाविद्यालय STATIC IP/DNS के द्वारा ही CCTV/DVR का LINK विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये, जिससे वीडियो की कनेक्टिविटी एवं गुणवत्ता सही रहें।
6. प्रत्येक परीक्षा कक्ष मे दो कैमरे होने चाहिए जो वाइस (आवाज) रिकार्डिंग युक्त हो।
7. कैमरे केवल फुल एच0डी0 ही होने अनिवार्य हो।

8. परीक्षा के दौरान परीक्षा की रिकॉर्डिंग सीडी/डीवीडी भी सुरक्षित रखें जरुरत पड़ने पर विश्वविद्यालय में जमा करें।
9. LINK सम्बन्धी सूचना एवं विवरण डी0वी0आर0 लिंक, कॉलिज कोड, कॉलिज का पूरा नाम, कॉलिज द्वारा अधिकृत व्यक्ति का नाम व फोन/मो0 नम्बर ईमेल universitycctv@gmail.com पर भेजें
10. प्रत्येक पाली में प्रश्न पत्रों को खोलने की प्रक्रिया की वीडियो फुटेज भेजने के साथ प्रत्येक परीक्षा कक्ष का सीटिंग प्लान भी (संलग्न फार्मेट के अनुसार) अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाए।
11. सभी परीक्षा कक्षों की लाईव फीडिंग चाहे उस परीक्षा कक्ष में परीक्षा है या नही अनवरत प्रेषित की जाए।
12. जिन अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयो को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाय उनमें प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं रिकार्डिंग हेतु डी0वी0आर0 तथा पारदर्शितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा कराये जाने एवं उसकी वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग किये जाने के उद्देश्य से वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे के डी0वी0आर0 के साथ राउटर लगा होना अनिवार्य होगा।
13. परीक्षा कक्ष आकार को दृष्टिगत रखते हुए कैमरों की संख्याए एक कक्ष में न्यूनतम दो व जहां कक्षहाल का आकार सामान्य से बड़ा है तो इससे अधिक कैमरे इस प्रकार स्थापित किये जायें कि सम्पूर्ण परीक्षा कक्ष स्पष्ट रूप से कैमरे की कवरेज में आ जाय। प्रत्येक सी0सी0टी0वी0 कैमरे में वायर रिकार्डर एवं डी0वी0आर0 के साथ राउटर डिवाइस लगा होना अनिवार्य है।
14. परीक्षा केन्द्र पर वायस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे की रिकार्डिंग कम से कम 60 दिनो तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था होनी अनिवार्य होगी, जिससे परीक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सचल दल अधिकारियो द्वारा परीक्षा अवधि की किसी भी तिथि एवं विषय की परीक्षा का अवलोकन/परीक्षण किया जा सके।
15. (1) समस्त परीक्षा केन्द्रों पर राउटर लगाये जाने के पश्चात् केन्द्र व्यवस्थापक/प्राचार्य द्वारा पारदर्शिता पूर्ण परीक्षा संचालन की वेबकास्टिंग व्यवस्था की जायेगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापको/प्राचार्यों द्वारा केन्द्र में लगे डी0वी0आर0 का आई0पी0 एड्रेस उनकी यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड एक सील बन्द लिफाफे में परीक्षा प्रारम्भ से एक माह पूर्व ही सम्बन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
(2) क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय स्तर पर एक कंट्रोल रूम बनाया जायेगा, जिसे जनपदीय राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में सुविधानुसार स्थापित किया जा सकता है। कन्ट्रोल रूम हेतु आवश्यक कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा ऐसे महाविद्यालयो से लेकर की जाएगी जो परीक्षा केन्द्र नही बने है।
(3) कन्ट्रोल रूम में प्रत्येक कम्प्यूटर पर अधिकतम 15 से 16 परीक्षा केन्द्रो के सतत निरक्षण हेतु राजकीय महाविद्यालयो से दो-दो शिक्षको की डयूटी लगायी जायेगी। निरीक्षण में परीक्षा केन्द्रो पर किसी प्रकार की अनुचित स्थिति परिलक्षित होने पर अथवा सी0सी0टी0वी0 आदि सही प्रकार से कार्य नही करने पर उसकी सूचना तत्काल क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सचल दलो को दी जायगी। इसके साथ ही इसको दैनिक रूप से एक निरीक्षक पंजिका में भी अंकित किया जायेगा।
(4) क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्तर पर बनाये गये कन्ट्रोल रूम की मॉनिटरिंग जिलाधिकारी द्वारा नामित किसी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की जायगी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:

1. प्रति कुलपति, चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
2. सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

# Ch. Charan Singh University, Meerut

## Exam Center Observer Daily Report

**Name of Exam Center**........................................................ **Center Code**..................

**Name of Observer**........................................................ **Date**..........................

**Exam Shift I / II / III, No. of Total Students............Present Students .........Absent Students........**

**Total No. of Exam Room............ Total No. of Exam Room with Camera ............**

**Room with 1 camera----------- Room without camera----------**

**Details of Invigilators :**

**(a)** Approved Teachers as Invigilators(Mention the Number). :...........................

**(b)** Whether the Invigilator(s) performing duty in exam paper belong to his/her specialization ? **:**Yes/No

If yes, Number : ....................................................

Non-Approved Teachers as Invigilator(s) (Mention the Number) :...................................

Whether the Invigilator(s) performing duty in exam paper belong to his/her specialization ? **:** Yes/No

**If yes, Number :** ....................................................

**Name of Asstt. Exam Suptt.**

1.

2.

3.

4.

**Name of Add. Center Suptt.** : ..............................................

**Name of Senior Center Suptt./College Principal** : ..............................................

D.V.R. Link : Yes/No.---------- Link URL----------------------------------------------------------------

WhatsApp Video being sent in every shift : Yes/No. -----------

**Observer Comments :**------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------

**Important Note:**
Daily report is mandatory to be sent by email on universitycctv@gmail.com/examcontroller@ccsuniversity.ac.in on daily basis.

**Signature of observer**

# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

## व्हाटसएप के माध्यम से प्रतिदिन का सीटिंग प्लान भेजने हेतु प्रारूप

परीक्षा की तिथि :

परीक्षा की पाली : प्रथम पाली ☐ द्वितीय पाली ☐ तृतीय पाली ☐

परीक्षा केन्द्र पर आवंटित परिक्षार्थियो की सख्या:–

परीक्षा हेतु कुल परीक्षा कक्षों की संख्या–

विवरण

| परीक्षा कक्ष संख्या | कुल आवंटित अभ्यर्थियों की संख्या | प्रथम अनुक्रमांक संख्या–अंतिम अनुक्रमांक संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

(विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक)

(प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष)